प्रादेशिक समाचार
08.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाओं को जब अवसर और सहयोग मिलता है तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमिता हो या कॉर्पोरेट जगत, महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

*******************

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज कहा कि महिलाओं की शक्ति, दृढ़ता और उपलब्धियां परिवारों, समाज और राष्ट्र के भविष्य को आकार देती हैं। श्री राधाकृष्णन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई देते हुए यह बात कही। इधर, झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त नारी शक्ति को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि माताएं और बहनें केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि समाज और राज्य की प्रगति की मजबूत आधारशिला हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाओं से बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और लोगों का जीवन सुगम बनेगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के सरोजिनी नगर स्थित सामान्य् पूल आवासीय सुविधा – जीपीआरए टाइप फाइव का दौरा किया और महिला आवंटियों को चाबियां सौंपीं। इस अवसर पर श्री मोदी ने श्रमजीवियों से बातचीत की और कार्यक्रम को भी सम्बोधित किया।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज रांची रेलवे स्टेशन की पूरी कमान महिलाओं ने संभाली। रांची रेल मंडल की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शुचि सिंह ने बताया कि रांची स्टेशन के प्रवेश द्वार से लेकर ट्रेन के संचालन और सुरक्षा तक का काम महिलाओं ने अपने जिम्मे लिया है।
इस अवसर पर रांची रेलवे स्टेशन में कार्यरत महिलाएं बेहद उत्साहित नजर आयीं।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज सिमडेगा में मेरा युवा भारत की ओर से बालिकाओं के लिए अस्मिता लीग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग तीन सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज जामताड़ा के कोर्ट रोड स्थित योगाभ्यास केंद्र में विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका श्रीति मल्लिक ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

*******************

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में वर्तमान चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच 7 बजे से खेला जाएगा। आकाशवाणी से इस मैच का आंखों देखा हाल एफ.एम. रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर साढ़े छह बजे से प्रसारित होगा।

******समाप्त*********